अमर उजाला 17/03/2024

नारा लेखन और वाद-विवाद में दिखाई प्रतिभा

अंबाला। छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज की एनएसएस यूनिट की ओर से खुड्डा कलां गांव में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन में विद्यार्थियों ने नारा लेखन और वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई।

विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत के चित्र को अपने पोस्टरों में उकेर गांव के लोगों को जागृत किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत और युवा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने ने संबोधित किया। डॉ. अनीश ने बताया कि वाद-विवाद के विषयों में विद्यार्थियों ने समस्याओं के साथ समाधान भी प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने नवीन विचारों को एक दूसरे के साथ सांझा किया।